Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Chavda Shri Harisinh

Title: Need to authorize co-operative societies for purchase of mustard on Minimum Support Price from the farmers of Banaskantha, Gujarat -Laid.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में अधिकांश किसान परिवार हैं एवं अपनी जीविका के लिए सरसों की खेती पर निर्भर हैं। इस वर्ा सरसों का उत्पादन ज्यादा हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नेफेड को सरसों खरीदने के लिए अधिकृत किया था। नेफेड ने एजेंट के रूप में गुजको मासोल एवं अन्य एजेंसी को खरीदने का कार्य दिया जिन्होंने बड़े पैमान पर अनियमितताएं कीं, जिसकी जांच चल रही है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस वर्ा सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधी खरीद करें या गांव की सहकारी मंडलियों को अधिकृत करें जिससे किसान गांव से मंडी तक सरसों को ले जाने की परेशानी से बच सकें।